बिहार सरकार
गन्ना उद्योग विभाग

संचिका संख्या–01/स्था०विविध–528/2026 पटना, दिनांक जून, 2026

## कार्यालय आदेश

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, पटना द्वारा श्रीमती मनीषा रानी, फेलोज को दिनांक– 01.06.2026 से अगले 02 वर्ष के लिए विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन, नवाचार आदि के लिए उत्प्रेरक के रूप में विभाग में प्रतिनियुक्त किया गया है। श्रीमती रानी को गन्ना उद्योग विभाग के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यो के विश्लेषण एवं अध्ययन के लिए निम्नरूपेण कार्य आवंटित किया जाता है।

| क्र० | योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु परिचालित दिशा–निर्देशों | सम्पर्क पदाधिकारी |
|---|---|---|
| 1 | विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं की प्रगति, विभागीय पोर्टल का अनुश्रवण, डाटा विश्लेषण, तुलनात्मक प्रतिवेदन तैयार करना, डेटा आधारित निर्णय लेने में विभाग की सहायता करना, सुधारात्मक सुझाव देना। | संबंधित सहायक निदेशक (शष्य) |
| 2 | क्षेत्रीय पदाधिकारियों द्वारा किये जाने वाले कार्यों का माहवार कैलेण्डरिंग तैयार करना, आगामी वर्षों में आवश्यकता अनुरूप गन्ना बीज की उपलब्धता हेतु त्रिस्तरीय गन्ना बीज उत्पादन के संबंध में सुझाव देना। | संबंधित सहायक निदेशक (शष्य) |
| 3 | गन्ना फसल कटनी कार्य, गन्ना क्षेत्रफल, उत्पादन एवं उत्पादकता का अध्ययन, नीति निर्माण हेतु रिपोर्ट तैयार करना, विभागीय योजनाओं के प्रभाव का आकलन, विभिन्न विभागों द्वारा मांगी गई प्रतिवेदन को आवश्यकतानुसार तैयार करने में सहयोग करना। | संबंधित सहायक निदेशक (शष्य) |
| 4 | टिश्यू कल्चर आधारित रोगमुक्त एवं उच्च उत्पादकता वाली गन्ना पौध सामाग्री के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु अध्ययन एवं सुझाव देना राज्य में संचालित टिश्यू कल्चर प्रयोगशालाओं, हार्डनिंग यूनिट्स एवं नर्सरियों की कार्यप्रणाली का अध्ययन , राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं (Best Practices) का संलकल एवं विभाग को सुझाव देना।<br>राज्य के गन्ना संस्थानों/ चीनी मिलों में टिश्यू कल्चर, बॉयो कनट्रोल, मिट्टी जांच प्रयोगशालाओं के स्थापना/ सदृढ़ीकरण हेतु योजना के सूत्रण में सहयोग करना। | संबंधित सहायक निदेशक (शष्य) |
| 5 | क्षमता संवर्द्धन हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं कार्यशालाओं के आयोजन में तकनीकी सहायता प्रदान करना। | संबंधित सहायक निदेशक (शष्य) |

प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

ह०/–
(राजीव रंजन)
अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01/स्था०विविध–528/2026 /पटना, दिनांक– जून, 2026

प्रतिलिपि– श्री सतीश रंजन सिन्हा, विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी (सामान्य प्रशासन विभाग), बिहार, पटना/निदेशक भारतीय प्रबंध संस्थान, बोध गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01/स्था०विविध–528/2026 /पटना, दिनांक– जून, 2026

प्रतिलिपि– सचिव के प्रधान आप्त सचिव/ईखायुक्त के आशुलिपिक/संयुक्त ईखायुक्त/सभी पदाधिकारी/सभी कर्मी/श्रीमती मनीषा रानी, फेलोज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. विकास एवं रेगुलेटरी शाखा से संबंधित बैठकों में सम्मलित होने हेतु श्रीमती मनीषा रानी फेलोज को सुचित करने की कृपा की जाए।

ह०/–
अवर सचिव।

कृ०पृ०प०

ज्ञाप संख्या–01/स्था०विविध–528/2026 /पटना, दिनांक– जून, 2026

प्रतिलिपि– सभी ईख पदाधिकारी/सहायक निदेशक/उप निदेशक/ विशेष कार्य पदाधिकारी/ सहायक ईखायुक्त उत्तर बिहार मुजफ्फरपूर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–

अवर सचिव।

ज्ञाप संख्या–01/स्था०विविध–528/2026 1158 /पटना, दिनांक–19 जून, 2026

प्रतिलिपि– आई. टी. प्रबंधक, गन्ना उद्योग विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Raje, 19/06/26.

अवर सचिव।